Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

**M**

No. of Printed Pages : 4

# Summative Assessment- II, 2014-15

## Subject : Hindi

## Class : VII

Time : 2½ Hrs.] [M. M. : 70

**निर्देश –**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

### खण्ड 'क' – अपठित

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **1 × 5 = 5**

गंगा का न केवल भारतवर्ष में, अपितु विश्व में महत्वपूर्ण स्थान है। यह नदी हिमालय के दो स्थानों से निकलती है। इसकी एक धारा भारत के उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले में गोमुख से उत्पन्न हुई भागीरथी कहलाई। दूसरी धारा चमोली जिले में अलकापुर में बर्फ पिघलने से निकली और अलकनंदा कहलाई। गंगा का जल स्वच्छ, ठंडा व प्यास बुझाने वाला होता है। इसमें कीड़े नहीं पड़ते। गंगा के पवित्र किनारे पर अनेक तीर्थस्थान हैं।

(i) भारतवर्ष की प्रसिद्ध नदी कौन-सी है?

(क) गंगा (ख) गोमती

(ग) गोदावरी (घ) यमुना

(ii) यह नदी हिमालय के कितने स्थानों से निकलती है?

(क) तीन (ख) चार

(ग) दो (घ) एक

(iii) 'गंगा' का पर्यायवाची शब्द है –

(क) यमुना (ख) सरस्वती

(ग) गोमती (घ) भागीरथी

(iv) गंगा के जल की विशेषता है –

(क) ठंडा व स्वच्छ (ख) प्यास बुझाने वाला

(ग) कीड़े रहित (घ) उपर्युक्त सभी

(v) गंगा के किनारे कौन-से स्थान बसे हुए हैं?

(क) मंदिर (ख) मस्जिद

(ग) गिरिजाघर (घ) तीर्थस्थान

P.T.O.

© www.ncerthelp.com
Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



2\. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1 × 5 = 5

दो न्याय अगर तो आधा दो,
पर इसमें भी यदि बाधा हो,
तो दे दो केवल पाँच गाँव,
रखो अपनी धरती तमाम।
हम वहीं खुशी से खाएँगे,
परिजन पर असि न उठाएँगे।
दुर्योधन वह भी दे न सका,
आशीष समाज की ले न सका,
उलटे हरि को बाँधने चला।
जब नाश मनुज पर छाता है,
पहले विवेक मर जाता है।

(i) यह बात किससे कही जा रही है?
(क) अर्जुन से (ख) कृष्ण से
(ग) दुर्योधन से (घ) युधिष्ठिर से

(ii) केवल पाँच गाँव क्यों माँगे गए होंगे?
(क) पाँचों पाण्डवों के लिए (ख) इतने गाँव ही काफी थे
(ग) इतने ही गाँव उपलब्ध थे (घ) कोई और बात थी

(iii) 'असि' किन पर नहीं उठाएँगे?
(क) मित्रों पर (ख) शत्रुओं पर
(ग) रिश्तेदारों पर (घ) परिजनों पर

(iv) कौन किसको बाँधने चला?
(क) दुर्योधन कृष्ण को (ख) कृष्ण दुर्योधन को
(ग) दुर्योधन अर्जुन को (घ) अर्जुन दूत को

(v) विवेक पहले कब मर जाता है?
(क) जब मनुष्य अहंकारी हो जाता है (ख) जब नाश मनुष्य पर छाता है
(ग) जब उसे कुछ नहीं सूझता (घ) अन्य कोई कारण

## खण्ड 'ख' – व्याकरण

3\. क्रिया की परिभाषा व मुख्य भेदों के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

4\. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – 1 × 8 = 8

(क) लिंग बदलिए –
वर, गायक

(ख) वचन बदलिए –
कुर्सी, गुड़िया

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



(ग) तद्भव रूप लिखिए –
स्वप्न, हस्त

(घ) कारक चिह्न से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –
किसान बैलों................घास लाता है।

(ङ) पर्यायवाची शब्द लिखिए –
ईश्वर, सूर्य

(च) विलोम शब्द लिखिए –
उत्तीर्ण, अमृत

(छ) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए –
जिसका अंत न हो

(ज) 'इक' व 'इत' प्रत्यय लगाकर एक-एक शब्द बनाइए।

**खण्ड 'ग' — पाठ्य-पुस्तक**

**5. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत।
बिपति कसौटी जे कसे, तेई साँचे मीत।।

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए। 1
(ख) संपत्ति होने पर क्या होता है? 2
(ग) सच्चा मित्र कैसा होता है? 2

**अथवा**

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए। 1
(ख) कवि कहाँ और किस भाव से खड़ा था? 2
(ग) अचानक उसके साथ कौन-सी घटना घटी? 2

**6. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

यासुकी-चान के हाथ-पैर इतने कमजोर थे कि वह पहली सीढ़ी भी बिना सहारे के चढ़ नहीं पाया। इस पर तोत्तो-चान नीचे उतर आई और यासुकी-चान को पीछे से धकियाने लगी। पर तोत्तो-चान थी छोटी और नाजुक-सी, इससे अधिक सहायता क्या करती।

(क) पाठ का नाम लिखिए। 1
(ख) यासुकी-चान पहली सीढ़ी पर भी क्यों नहीं चढ़ पाया? 2
(ग) तोत्तो-चान ने उसकी मदद किस तरह करने की कोशिश की? 2

**अथवा**

पिछले दस-पंद्रह वर्षों में हमारी खानपान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है। इडली-बड़ा-सांभर-रसम अब केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं हैं। ये उत्तर भारत के भी हर शहर में उपलब्ध हैं और अब तो उत्तर भारत की 'ढाबा' संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है।



© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



M

(क) पाठ का नाम लिखिए। 1

(ख) पिछले दस-पंद्रह वर्षों में क्या हुआ है? 2

(ग) पूरे देश में अब क्या फैल चुकी है? 2

7. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $2 \times 3 = 6$

(क) कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन में समा जाते हैं तब क्या होता है?

(ख) मोर और मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए थे?

(ग) खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है?

(घ) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?

8. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $3 \times 3 = 9$

(क) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

(ख) वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में रहना असहनीय क्यों हो जाता था?

(ग) साक्षात्कार पढ़ने पर आपके मन में धनराज पिल्लै की कैसी छवि उभरती है? वर्णन कीजिए।

(घ) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कोई तीन विशेषताएँ बताइए जिन्होंने आपको अधिक प्रभावित किया।

9. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $2 \times 2 = 4$

(क) मायावी सरोवर की क्या विशेषता थी?

(ख) अर्जुन ने विराट के यहाँ गुप्त रूप में क्या कार्य किया?

(ग) कुंती ने कर्ण को उसकी किस वास्तविकता से परिचित कराया?

10. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $3 \times 2 = 6$

(क) दुर्वासा और उनके शिष्यों को देखकर द्रौपदी चिंता में क्यों पड़ गई?

(ख) अर्जुन ने मौका दिए जाने पर भी श्रीकृष्ण को ही क्यों चुना?

(ग) युद्ध में अर्जुन को युधिष्ठिर से दूर ले जाने का प्रयास क्यों किया जा रहा था?

11. युद्ध के छठे दिन दुर्योधन बुरी तरह घायल हो जाता है और कृपाचार्य उसे बचाते हैं। आपकी दृष्टि में कृपाचार्य का उसे बचाना ठीक था? यदि वे न बचाते तो क्या होता? लिखिए। 5

**अथवा**

'अभिमन्यु को चक्रव्यूह में प्रवेश करना तो आता था लेकिन बाहर निकलना नहीं आता था।' फिर भी वह चला गया। आपकी दृष्टि में उसका जाना सही था या गलत? आप उसकी जगह होते तो क्या करते? लिखिए।

## खण्ड 'घ' — रचना खण्ड

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए – 5

(क) मेरा प्रिय खेल

(ख) बाल दिवस

(ग) गणतंत्र दिवस

(घ) मेरा देश

13. मोहल्ले की सफाई हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

परिश्रम का महत्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12